# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 22 अप्रैल 2024, सोमवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के कांकेर में जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**कांग्रेस कहती है कि संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यक का है, हम कहते हैं कि पहला हक गरीब, आदिवासी, दलित का है।**

************************

**कांग्रेस की मठ-मंदिर और सबकी संपत्ति पर नजर, घोषणापत्र में कहा 'सभी की संपत्ति का सर्वे करवाएँगे'।**

************************

**मोदी 3.0 बनते ही देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य का खर्च आपके बेटे नरेंद्र मोदी उठाएँगे।**

************************

**सत्ता के पहले ही इंडी अलायंस में लाठियाँ चल रही हैं, ये देश को एक नहीं रख सकते।**

************************

**कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने राज किया लेकिन छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए कुछ नहीं किया।**

************************

**मोदी जी ने जल, जंगल और जमीन के साथ आदिवासियों को सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास देने का काम किया।**

************************

भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सोमवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री किरण देव सिंह, छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री केदार कश्यप, कांकेर से लोकसभा प्रत्याशी श्री भोजराज नाग सहित पार्टी के अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भगवान श्री राम के ननिहाल की धरती है। **500 वर्षों तक एक टेंट में रहने के बाद, 17 अप्रैल 2024 को प्रभु श्री राम ने भव्य राम मंदिर में अपना जन्मदिवस मनाया और उनका सूर्य तिलक किया गया।** राम मंदिर निर्माण की यात्रा में सैंकड़ों लोगों ने अपनी जान न्योछावर की है। कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर का निर्माण करवाकर प्रभु श्रीराम को टेंट से निकालकर

भव्य राम मंदिर में विराजमान किया। **कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने काशी विश्वनाथ कॉरीडोर, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनरुद्धार करवाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में विकास की दिशा को बदल दिया है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री है जिनके पास 10 वर्षों का ट्रैक रेकॉर्ड भी है और 25 वर्षों का एजेंडा भी है।

कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने इस देश पर शासन किया लेकिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विगत 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है**। मोदी सरकार ने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाई, हर घर तक नल से जल पहुंचाया, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घरों निर्माण करवाया, गरीबों के बैंक खाते भी खोले, महिलाओं और बहनों को सम्मान देते हुए गैस कनेक्शन दिए गए। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के लगभग 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कारवाई जा रही है।

"मोदी गारंटी" का यथार्थ बताते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **यह मोदी की गारंटी है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी समुदायों और वर्गों के लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया जाएगा**। केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सवाल करते हैं कि धारा 370 का छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता से क्या लेना देना है? छत्तीसगढ़ के लोग कश्मीर के लिए जान देने को तैयार हैं। कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को सदैव के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज देश में आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है।**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ में महादेव एप घोटाला किया गया।** बघेल सरकार में नक्सलियों पर कार्यवाही नहीं होती थी, **भाजपा सरकार आने के बाद श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में 4 महीने में 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त किया गया। 123 देशद्रोही गिरफ्तार हुए, 250 लोगों ने आत्मसमर्पण किया।** आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्यप्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया गया है, आगामी 2 वर्षों में मोदी सरकार छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेगी। जब तक राज्य में नक्सलवाद है, आदिवासी भाई-बहनों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के चलते आदिवासियों के घर में बिजली नहीं पहुंचती, राशन नहीं मिल पाता, स्कूल नहीं खुल पाते। **श्री शाह ने नक्सलवादियों से चेतावनी देते हुए कहा कि आत्मसमर्पण कर दें, आपको प्रतिस्थापित किया जाएगा, नहीं तो लड़ाई का परिणाम पहले से तय है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपाई जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और आदिवासी मंत्रालय भी बनाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ आदिवासी भाई-बहनों को सुरक्षा, सम्मान और समावेशी**

**विकास देने का कार्य किया।** श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 75 वर्षों के लंबे शासनकाल में विपक्ष ने कभी आदिवासियों के विकास पर ध्यान नहीं दिया, परंतु आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उड़ीसा के गरीब परिवार की बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर जनजातीय समुदाय को सम्मान दिया। **भारतीय जनता पार्टी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने **₹200 करोड़** की लागत से आदिवासी संग्रहालय बनवाए, छत्तीसगढ़ के बजट को **₹24 हजार करोड़** से बढ़ाकर **₹1 लाख 24 हजार करोड़** किया। तेंदूपत्ता के लिए बोनस देने का काम किया, एकलव्य स्कूल बनवाए, 1 लाख छात्रों को शिष्यवृत्ति दी एवं आदिवासी कल्याण के लिए विभिन्न काम किये।

माननीय प्रधानमंत्री जी के बयान का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी की संपत्ति का सर्वे किया जाएगा, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी माननीय प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। **कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, देशभर के सभी मठ-मंदिरों के पैसों पर सदैव कांग्रेस पार्टी की नजर रही। भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीब, आदिवासी, दलित और पिछड़ा समाज का है।** इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में आपसी मतभेद और सत्ता को लेकर मारा-मारी है, जो आपस में लड़ रहे है, वो देश को क्या बांध के रखेंगे? **चाहे पूर्वोत्तर हो, नक्सल क्षेत्र हो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को एकजुट करके अखंड बनाने का काम किया है।** छत्तीसगढ़ में 10 वर्षों तक कांग्रेस की सरकार होने के बाद राज्य को क्या दिया? **कांग्रेस शासन में छत्तीसगढ़ के विकास हेतु मात्र ₹ 77 हजार करोड़ खर्च किये गए, जबकि मोदी सरकार ने इस बजट को बढ़ाकर ₹3 लाख 20 हजार करोड़ कर दिया। भारतीय जनता पार्टी की सरकर ने 72 हजार करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम किये गए, 25 हजार करोड़ के रोड बनाए गए, ₹45 हजार करोड़ रेल्वे और 250 करोड़ एयरपोर्ट के उत्थान में खर्च किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गारंटी दी है कि उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अगले 5 वर्षों तक प्रति माह प्रति व्यक्ति खाद्यान सामग्री निःशुल्क मुहैया कारवाई जाएगी। महिलाओं को सम्मान देते हुए गैस कनेक्शन दिए गए हैं और अब नल से जल की तरह पाइप के जरिए घरों तक गैस भी पहुंचेगी। **जब तक नक्सलवाद है आदिवासी क्षेत्र में शांति स्थापित नहीं हो सकती और क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता। आगामी 2 वर्षों में छत्तीसगढ़ की भूमि से नक्सलवाद जड़ से समाप्त कर और विकास की गंगधारा प्रवाहित करेंगे।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना रखी है। **आगामी 5 वर्षों में विकसित भारत की नींव रखी जाएगी और विकसित भारत का सबसे बड़ा फायदा आदिवासी, दलित, किसान, युवा, महिला और गरीबों को होगा।** श्री शाह ने जनता से कांकेर लोकसभा प्रत्याशी श्री भोजराज नाग को विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

**************************